# शपथ-पत्र

***<u>विश्वभारती इंस्टिट्यूट कोंटा में छात्र द्वारा डी.एड. (द्वितीय वर्ष ) में प्रवेश की तिथि 23/07/2018 पर दिया गया)</u>***

मैं (छात्र का नाम) : ..........................................................................................................................

पिता/पति का नाम: ...........................................................................................................................

माता का नाम: ..................................................................................................................................

उम्र ....................... वर्ष ,निवासी .........................................................................................

विश्वाभारती इंस्टिट्यूट कोंटा में पाठ्यक्रम डी.एड. द्वितीय वर्ष सत्र 2018-19 में आज दिनांक 23/07/2018 को प्रवेश लेते समय शपथ पूर्वक निम्न लिखित कथन करता हूँ ;

1. यह कि मैं विश्व भारती इंस्टिट्यूट कोंटा में डी.एड. प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम में सत्र 2018-19 में प्रवेश लेने से पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा आयोजित डी.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा में प्रवेशित होने की समस्त अहर्ताएं पूरी करता हूँ मेरे संस्थान में प्रवेश लेने पश्चात किसी भी दिनांक पर यह ज्ञात होने पर कि मैं अहर्ताएं पूरी नहीं करता मेरा प्रवेश महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा निरस्त कर दिया जावेगा जिसके लिए मैं महाविद्यालय से किसी भी प्रकार से शुल्क वापसी की मांग नहीं करूँगा।
2. मेरे द्वारा सन 2017 में उतीर्ण की गई अंतिम परीक्षा डी.एड. प्रथम वर्ष है जिसके उपरान्त मैं डी.एड. द्वितीय वर्ष में विश्वभारती संस्थान कोंटा में प्रवेश ले रहा हूँ।
3. यह कि मैं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियमानुसार 240 कार्यदिवसों में अस्सी प्रतिशत उपस्थिति महाविद्यालय में प्रदान करूँगा मुझे यह ज्ञात है कि 85% प्रतिशत उपस्थिति ना होने पर मुझे डी.एड. प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा 2017 में भाग लेने से वंचित कर दिया जावेगा जिस हेतु मैं संपूर्ण उत्तरदायी होऊंगा।
4. मुझे यह ज्ञात है कि स 2016-17 में उपस्थिति प्रक्रिया प्रातः तथा सायं दो बार विहित तरीके से ली जावेगी तथा मेरी उपस्थिति की गणना इसी आधार पर की जावेगी।
5. ***<u>यह कि मैं सत्र 2017-18 एवं 2018-19 में डी.एड. प्रथम वर्ष तथा डी.एड. द्वितीय वर्ष ,जो कि पूर्णकालिक रेगुलर कोर्स है में प्रवेशित रहने के दौरान अन्य किसी भी अन्य पूर्ण कालिक अथवा अंश कालिक पाठ्यक्रम में प्रवेशित नहीं हूँ तथा ना ही किसी भी अन्य सरकारी या प्राइवेट या अर्ध सरकारी अथवा निजी संस्थान में सेवारत हूँ। यदि ऐसा पाया जाता है तो मेरा प्रवेश महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा निरस्त कर दिया जावेगा जिसके लिए मैं महाविद्यालय से किसी भी प्रकार से शुल्क वापसी की मांग नहीं करूँगा।</u>***
6. ***<u>यह कि मेरे विश्वभारती संस्थान में प्रवेश लेने की तिथि पर मैं किसी भी सरकारी /गैर सरकारी अथवा निजी संस्थान में किसी भी रूप में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से स्थाई अथवा संविदा नौकरी पर सेवारत नहीं हूँ और न ही मेरा चयन किसी विभाग में नौकरी हेतु हुआ है। यदि ऐसा पाया जाता है तो मेरा प्रवेश महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा निरस्त कर दिया जावेगा जिसके लिए मैं महाविद्यालय से किसी भी प्रकार से शुल्क वापसी की मांग नहीं करूँगा।</u>***
7. यह कि मैं महाविद्यालय में अध्यनरत रहने के दौरान अपने किसी भी साथी /सहपाठी तथा अन्य छात्र छात्रा की रैगिंग या अन्य किसी संस्थान विरोधी गतिविधियों में संलग्न नहीं रहूँगा।
8. यह कि मैं विश्व भारती संस्थान की 100 यार्ड की परिधि में किसी भी प्रकार के तंबाखू उत्पाद का सेवन अथवा क्रय विक्रय नहीं करूँगा,तथा ऐसा करता पाए जाने पर प्रबंधन द्वारा अधिरोपित जुर्माने के भुगतान हेतु मैं बाध्य हूँ।
9. यह कि विश्व भारती संस्थान प्रबंधन के द्वारा मुझे जानकारी दी जा चुकी है कि छत्तीसगढ़ राज्य शासन से स्कालरशिप की पात्रता होने पर मुझे सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत वैध आय तथा जाति प्रमाण पत्र (मूल प्रति में )अपने नवीनतम फोटो तथा अंक सूचि की मूल प्रतियाँ ऑनलाइन स्कालरशिप फॉर्म भरे जाते समय स्कैन कर अपलोड किये जाने हेतु आवश्यक हैं इनमें से किसी भी एक प्रमाण पत्र के अभाव में ऑनलाइन स्कालरशिप फॉर्म नहीं भरा जा सकेगा यदि मेरी असावधानी से मेरा फॉर्म समय पर न भरे जाने के कारण अस्वीकृत कर दिया जाता है तो इस हेतु में स्वयं उत्तरदायी होउंगा।
10. यह कि विश्व भारती संस्थान प्रबंधन के द्वारा प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष में लिए जाने वाले शुल्क जो कि अधतन 19000 (उन्नीस हज़ार रूपये सालाना ) है यह मुझे जानकारी दी जा चुकी है। मुझे यह भी ज्ञात

मुझे महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा यह भी जानकारी दी जा चुकी है कि डी.एड. प्रथम वर्ष में मेरे द्वारा प्रदान किया गया शुल्क 16000 के अलावा 3000 रुपए और भुगतान किया जाना है। द्वितीय वर्ष की परीक्षा उतीर्ण करने के पश्चात मूल काशन मनी रसीद प्रदान किये जाने पर ही महाविद्यालय द्वारा काशन मनी वापसी अकाउंट पेयी चेक द्वारा की जायेगी इस राशि का नगद भुगतान नहीं किया जायेगा और ना ही किसी भी प्रकार से शिक्षण /परीक्षा शुल्क अथवा अन्य शुल्क में समायोजन किया जायेगा।

11. यह कि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा मुझे यह जानकारी दे गई है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा डी.एड. द्वितीय वर्ष के परीक्षा फॉर्म ऑन-लाइन भरे जाते हैं तदनुसार मेरे नवीनतम फोटो सहित समस्त प्रपत्रों का प्रस्तुतीकरण विहित तिथि के भीतर मेरे द्वारा किये जाने मै बाध्य हूँ यदि किसी भी प्रमाण पत्र के अभाव में ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म नहीं भरा जा सकेगा तो इस हेतु में स्वयं उत्तरदायी होउंगा।
12. यह कि मैं डी.एड. प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम के प्रायोगिक अनुभव सम्बन्धी जानकारी महाविद्यालय से प्राप्त कर चुका हूँ तथा महाविद्यालय में अध्यनरत रहते हुए पाठ्यक्रम की अनिवार्यता /आवश्यकता के अनुसार लेसन प्लान ,शाला अनुभव ,कक्षा शिक्षण, तथा कंप्यूटर शिक्षण से सम्बंधित कार्य तथा प्रोजेक्ट समय पर तथा प्रभारी आचार्य के निर्देशनुसार संपन्न करूँगा क्योकि इन सभी के पूरा ना किये जाने पर मैं डी.एड. द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा 2019 में शामिल होने के लिए पात्र नहीं हूँ यह मुझे ज्ञात है।
13. यह कि मेरे नाम का बैंक खाता ..........................................बैंक .................शाखा ..........................जिला ....................राज्य .....................में है जिसका IFSC CODE ……….............................है। मेरा यह विवरण अपने छात्र वृत्ति भुगतान के सम्बन्ध में /अन्य कार्य हेतु महाविद्यालय में नोट किया जावे।
14. यह कि मैं महाविद्यालय में अपने आई.डी.प्रूफ के रूप में ............................................................प्रस्तुत कर रहा हूँ जिसका नंबर ...................................................................है।
15. यह कि विश्वभारती संस्थान में मेरे द्वारा दी जा रही मेरी उपस्थिति संबंधी सूचना मेरे द्वारा दिए जा रहे मोबाइल नंबर ...............................................................पर मेरे पालक /गार्जियन श्रीमती /श्री ..............................................................................को दिया जावे।
16. यह कि महाविद्यालय में शिक्षण कार्य से संबन्धित कोई भी सूचना महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर ही चस्पा होगी ,अन्य सूचनाएँ मेरे द्वारा दिए जा रहे ईमेल आईडी ...............................................................................पर प्रेषित की जावे ताकि मेरे पालक /गार्जियन मेरी प्रगति से अवगत हो सकें।

## <u>सत्यापन</u>

मैं ………………………………………………पिता/पति का नाम ……………………………….

माता का नाम ……………………………..………………………………………………………….

शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूँ कि क्रमांक 01 से क्रमांक 16 तक दी गई जानकारी मेरे जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सच्ची एवं उचित है तथा दर्शाये कथनों के आधार पर नियमानुसार कार्य करने हेतु मैं बाध्य हूँ।

छात्र/छात्रा के हस्ताक्षर
(नाम पता दूरभाष क्रमांक सहित)